Amar Ujjala, Lucknow, Nov 9 2008

आईटी क्विज में लखनऊ अव्वल देहरादून रनरअप

लखनऊ। राजधानी में सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र रवींद्रालय और देश-विदेश के 1200 स्कूली छात्रों का हुजूम। मानो क्लास रूम और प्ले ग्राउंड यहीं आ गया हो। दोपहर लगभग डेढ़ बजे से शुरू हुई प्रतियोगिता के फाइनल में लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर आई के उत्कर्ष मिश्रा और आकाश तिवारी ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं आश्चर्यजनक तरीके से देहरादून समरवैली स्कूल के दुष्यंत दायनी और प्रतीक बंसल ने ब़जर राउंड में अन्य टीमों को पछाड़ कर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

हुजूम

यूपी, उत्तराखंड और सिंगापुर की 600 टीमों ने लिया हिस्सा

टीसीएस आईटी क्विज के फाइनल राउंड में देहरादून की समरवैली स्कूल टीम के अलावा सीएमएस महानगर में पढ़ने वाले 11 वीं के छात्र प्रभात मिश्रा और शशांक शुक्ला, सेठ अनंत राम जयपुरिया कानपुर में कक्षा 9 के छात्र अमान वर्मा और अक्षय सिंह, एलपीएस आई सेक्टर के उत्कर्ष और आकाश माउंटफोर्ट कालेज के प्रत्युष गुप्ता और ऐश्वर्या सिंह और एलपीएस सेक्टर डी के छात्र यामिनी सिंह और मलय कृष्णा के बीच मुकाबला हुआ। लखनऊ की विजेता टीम को लैपटॉप दिया गया। विजेताओं को पुरस्कार प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा एके मिश्रा, यूपीटीयू कुलपति प्रोफेसर प्रेमव्रत और टीसीएस प्रमुख जयंत कृष्णा ने दिए। क्विज का संचालन पिक ब्रेन के क्विज मास्टर गिरि बालासुब्रमणियम ने किया।